सान्ध्य हिन्दी दैनिक | जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 185 | जौनपुर, शनिवार, 22 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## हमें वैश्विक सोच और स्थानीय संस्कारों के साथ आगे बढ़ना होगा – पीएम मोदी

नयी दिल्ली, (एजेंसी)।पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और इस गति को बनाए रखने के लिए देश को विभिन्न क्षेत्रों के ऐसे नेताओं की जरूरत है, जिनका दृष्टिकोण वैश्विक हो लेकिन मानसिकता भारतीय हो। राजधानी के भारत मंडपम में 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (सोल) सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संस्थान केवल एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा, ''हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने की आवश्यकता है जो भारतीय मानसिकता के साथ अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की समझ रखते हों। इन नेताओं को रणनीतिक निर्णय लेने, संकट प्रबंधन और भविष्य की सोच में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। वैश्विक बाजार में और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझते हैं। यह सोल का काम है।'' मोदी ने 'वैश्विक सोच और स्थानीय परवरिश' वाले विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं की वकालत करते हुए कहा कि हमें ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो हर क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को दर्शाए, चाहे वह नौकरशाही हो या कारोबार या कोई अन्य क्षेत्र। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में नेतृत्व की जरूरत है जो देश के हितों को विश्व मंच पर पेश करते हुए वैश्विक जटिलताओं और जरूरतों का समाधान ढूंढ सके। प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस विकास को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए, हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। सोल संस्थान इस परिवर्तन में गेम–चेंजर हो सकते हैं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संस्थान केवल एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि आवश्यकता हैं।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जन से जगत३किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन नेतृत्व का विकास बहुत जरूरी है और यह समय की मांग है।'' मोदी ने कहा कि सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन–रात काम कर रहा है और ऐसे में 140 करोड़ लोगों के देश में भी हर क्षेत्र में और जीवन के हर पहलू में उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति का लक्ष्य रखने वाले किसी भी देश को न केवल प्राकृतिक संसाधनों बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है और 21 वीं सदी में देश को ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार और कौशल को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। इस संदर्भ में उन्होंने गुजरात का उदाहरण दिया और कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण अलग राज्य के रूप में इसके भविष्य को लेकर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि,



राज्य आज अपने नेताओं के कारण बहुत अच्छा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां हीरे की खदान नहीं है, लेकिन दुनिया में 10 में से नौ हीरे गुजराती के हाथों से गुजरते हैं। उन्होंने कहा, ''हर क्षेत्र में कौशल की आवश्यकता होती है और नेतृत्व विकास कोई अपवाद नहीं है। इसमें नई क्षमताओं की जरूरत है। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए और सोल इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''

## संक्षिप्त समाचार

### बजट में हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान रखा गया : राठौड़

नई दिल्ली, (एजेंसी))। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार के आगामी वित्त वर्ष के बजट में हर वर्गकी जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। राठौड़ ने कहा, ''भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए लोक हितकारी, जन हितकारी बजट पेश किया है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आमजन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बजट में विशेष ध्यान दिया है।'' उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों पर ध्यान दिया गया, महिलाओं, युवाओं और गरीब के साथ सभी वर्गों की चिंता की गई है। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए बजट बुधवार को पेश किया। भाजपा ने बजट को शानदार बताते हुए बृहस्पतिवार शाम पार्टी मुख्यालय में आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा।

### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़

मणिपुर , (एजेंसी)। तीन लोगों को गिरफ्तार किए जाने के बाद अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और उनके पास से 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मणिपुर निवासी मित्रलाल खातीवाड़ा उर्फ घ्मनोज (45), कृष्णा न्योपनी (21) और आकाश कार्की (25) को गिरफ्तार किया एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित कौशिक ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ इकाई मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली–एनसीआर में सक्रिय अंतरराज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह पर नजर रख रही थी।

### विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री नहीं होंगेरू अलका लांबा

नई दिल्ली, (एजेंसी))। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख अलका लांबा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद बिहार की राजधानी की अपनी पहली यात्रा पर उन्होंने देर शाम यहां पत्रकारों से बातचीत की। पुलिस बल में आरक्षण जैसे उपायों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के कुमार के दावे के बारे में पूछे जाने पर लांबा ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''नीतीश जी को पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रदर्शन को याद करना चाहिए, जब जनता दल(यूनाइटेड) सीटों के मामले में तीसरे स्थान पर रही थी.....मैं यह भी भविष्यवाणी कर कर रही हूं कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उन्होंने 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 225 से अधिक सीटें जीतने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।

## दिल्ली की अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को मानहानि मामले में बरी किया



नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रदिल्ली की एक अदालत ने एक व्यवसायी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के खिलाफ मानहानि की शिकायत बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा शिकायतकर्ता की मृत्यु हो चुकी है, जबकि उनके उत्तराधिकारी यह साबित करने में विफल रहे कि वह कथित बयान से व्यथित थे। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने यह फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने कहा, ''आरोपी द्वारा बरी किए जाने के लिए दायर आवेदन को स्वीकार किया जाता है और उसका निपटारा किया जाता है। चूंकि शिकायतकर्ता की मृत्यु हो चुकी है और वर्तमान शिकायत पर मुकदमा चलाने के लिए कोई पीड़ित व्यक्ति नहीं है, इसलिए आरोपी नंबर 4 (एक निजी कंपनी) को भी बरी किया जाता है।'' शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता एस पी गुप्ता एक निजी लिमिटेड कंपनी सनएयर होटल्स के प्रबंध निदेशक थे, और एक अन्य कंपनी वीएलएस फाइनेंस लिमिटेड के साथ कुछ व्यापारिक लेन–देन में खटास आने के बाद और विभिन्न मुकदमों के तहत, दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के खिलाफ कुप्रबंधन समेत कई आरोप लगाए और सीबीआई और एसएफआईओ समेत कई जांच एजेंसियों ने जांच की। इसमें आरोप लगाया गया है कि गुप्ता पर वीएलएस फाइनेंस लिमिटेड की ओर से ''तत्कालीन वरिष्ठ मंत्रियों द्वारा दबाव डाला गया'' जबकि कोश्यारी और अन्य ने उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से कंपनी की ओर से मानहानिकारक पत्र लिखे।

## आरजेडी के साथ फिर जाने वाले हैं नीतीश कुमार एक बयान से मच गया नया सियासी बवाल

बिहार, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर महागठबंधन के साथ जा सकते हैं? एक बयान ने फिर से राजनीतिक अटकलों को जन्म दे दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह से विशेष रूप से अनुपस्थित रहे, जिससे राजनीतिक अटकलें तेज हो गईं। उनकी अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि नीतीश कुमार हमारे साथ आने वाले हैं, तो वह एनडीए की बैठक में क्यों शामिल होंगे? भाई वीरेंद्र के इस बयान से सियासी गलियारे में एक बार फिर तूफान उठ गया है। बता दें कि सीएम नीतीश कुमार के दिल्ली नहीं जाने को लेकर भले राजनीति शुरू हो गई है लेकिन शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जाने के पीछे कई कारण



था। सीएम का पहले से भी कार्यक्रम तय था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को रोहतास जिले में 1378.46 करोड़ रुपये की कुल 1220 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने 1110.23 करोड़ रुपये की 1971 परियोजनाओं का शिलान्यास और 268.22 करोड़ रुपये की 249 परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''मुख्यमंत्री ने जिले के करमचट, बादलगढ़, दुर्गावती और दिनारा में विभिन्न इको–टूरिज्म और एडवेंचर हब केंद्रों और बोट हाउस शिविरों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड में मल्हीपुर पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र में जीविका दीदियों के साथ बातचीत की। उन्होंने रोहतास जिले में राज्य सरकार का जारी विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की भी अध्यक्षता की। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख अलका लांबा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद बिहार की राजधानी की अपनी पहली यात्रा पर उन्होंने देर शाम यहां पत्रकारों से बातचीत की। लांबा ने भाजपा पर महिला आरक्षण विधेयक को पारित करवाने का श्रेय लेने के बावजूद इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने का भी आरोप लगाया। लांबा ने कहा कि बिहार में चुनाव की घोषणा होने के पूर्व एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी जाना चाहिए।

## 71 साल बाद दिल्ली में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय मराठी सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है जिसका उद्देश्य वर्तमान काल में मराठी साहित्य की भूमिका पर मंथन करना है। प्रधानमंत्री करीब 4रू30 बजे विज्ञान भवन में इस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन 21 से 23 फरवरी तक चलेगा और इसमें पैनल चर्चा, पुस्तक प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रख्यात साहित्यकारों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।ऐसा तब हो रहा है जब सरकार ने हाल ही में मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। सम्मेलन में मराठी साहित्य की समृद्ध परंपरा और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा की जाएगी। इसमें भाषा संरक्षण, अनुवाद और साहित्यिक कार्यों के डिजिटलीकरण के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श होगा। पीएमओ के मुताबिक प्रख्यात साहित्यिक हस्तियों के साथ इंटरैक्टिव सत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला की मेजबानी की जाएगी। साथ ही कहा गया है कि इस कार्यक्रम में पुणे से दिल्ली तक एक प्रतीकात्मक साहित्यिक ट्रेन यात्रा भी शामिल होगी, जिसमें साहित्य की एकीकृत भावना दिखाने के लिए 1,200 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस यात्रा के माध्यम से साहित्य की एकता



को प्रदर्शित किया जाएगा। सम्मेलन में 2,600 से अधिक कविताओं का आयोजन, 50 किताबों का विमोचन और 100 बुक स्टॉल होंगे। इस बीच, पीएम मोदी श्एडवांटेज असम 2.0श पहल के हिस्से के रूप में असम सरकार द्वारा आयोजित झुमोइर बिनंदिनी कार्यक्रम के एक मेगा इवेंट में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक मंच भी तैयार किया गया है। राज्य के 27 जिलों के झुमोइर कलाकार 24 फरवरी को गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में इस प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 5,399 महिला नर्तक, 2,175 पुरुष नर्तक और 2,074 संगीतकार शामिल होंगे।

## गठबंधन में सीट बंटवारा ठीक से हुआ तो 40–50 सीट जीतेंगे – अखिलेश सिंह

पटना, (एजेंसी)। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने राजद सहित महागठबंधन में शामिल अन्य घटक दलों को सीट बंटवारे को लेकर साफ संकेत दे दिए हैं। उन्होंने पार्टी के नवनियुक्त बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के स्वागत में पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अगर गठबंधन में सीट बंटवारा ठीक ढंग से हुआ तो कांग्रेस वर्तमान की 19 सीटों से बढ़कर 40 से 50 सीटें जीत सकती है। उन्होंने कहा कि हम अपने सहयोगियों से भी अपील करते हैं कि सीटों का बंटवारा सही ढंग से किया जाए। हम सभी एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे तो इस बार जीत हमारी होगी। राजद समेत सभी सहयोगी दलों को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पिछले विधानसभा चुनाव में हमारा गठबंधन 12,000 वोटों से पिछड़ गया था, लेकिन इस बार अगर सीट बंटवारा सही हुआ, तो महागठबंधन की सरकार तय है। उन्होंने नए प्रदेश प्रभारी से संगठन में बदलाव और मजबूती लाने की अपील की। उन्होंने नए प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि आपने जिस तरह गुजरात में काम किया, उसी तरह बिहार में भी काम करें। हम आपके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने बिहार में जीतने का दावा करते हुए कहा कि आज भी बिहार में ऐसा कोई गांव या टोला ऐसा नहीं है, जहां कांग्रेस का परिवार नहीं है। उन्होंने नए प्रभारी से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के कार्यक्रम भी बिहार में लगातार बनवाने की अपील करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संगठन की होगी। नए प्रभारी के स्वागत के दौरान युवा कांग्रेस के युवाओं में उत्साह पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इससे पहले बिहार कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद कृष्णा अल्लावरु गुरुवार को पहली बार पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पहुंचने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दी है, उसका निर्वहन करूंगा और सारे कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मिलकर काम करूंगा।

## विपक्ष हताश है, उनकी गाड़ी डीरेल हो चुकी है - ब्रजेश पाठक

नोएडा, (एजेंसी)। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार शाम नोएडा पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्रीय और यूपी के बजट पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने अपने आकार से सबसे बड़ा बजट पेश किया है, जो प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यूपी अन्य राज्यों के मुकाबले लॉ एंड ऑर्डर और विकास के मामले में नंबर एक राज्य बनेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वह फिलहाल फ्रस्ट्रेशन में हैं और उनकी गाड़ी पूरी तरह से डीरेल हो चुकी है। उन्होंने कहा, ष्अखिलेश यादव जाति, धर्म और तुष्टीकरण के आधार पर वोट मांग रहे हैं, जबकि भाजपा मोदी जी की अगुवाई में गरीब कल्याण और जन–जन का विश्वास जीतने के साथ भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तर पर अव्वल बना रही है। इसके बाद, उन्होंने महाकुंभ में त्रिवेणी जल पर यूपीपीसीबी की रिपोर्ट पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि संगम का जल पवित्र है, आप जाकर आचमन करें, स्नान करें, आपको खुद पता चल जाएगा। करोड़ों लोग सनातन धर्म को मानते हुए स्नान कर रहे हैं और हमारी सरकार ने वहां बेहतर से बेहतर इंतजाम किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म पर हमला करना कोई नई बात नहीं है। यह अब फैशन बन चुका है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेता सभी फ्रस्ट्रेशन में हैं। उन्होंने एक जाति के बीच विभेद की जो दीवार खड़ी की थी, वह अब टूट चुकी है। अब वहां गरीब, अमीर, हर जाति के लोग एक साथ आकर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

नई दिल्ली , (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा था कि मामले की जांच पूरी होने के बाद वह अंसारी की जमानत याचिका पर विचार करेगी। दरअसल, अब्बास अंसारी ने मुठभेड़ के डर से 31 जनवरी को 'गैंगस्टर' अधिनियम के तहत एक मामले में अधीनस्थ अदालत की कार्यवाही में डिजिटल माध्यम से पेश होने की मांग की थी। पिछले साल 18 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उस मामले में अंसारी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन पर और कुछ अन्य लोगों पर वित्तीय एवं अन्य लाभ के लिए गिरोह बनाने का आरोप लगाया गया था। जबरन वसूली और मारपीट का आरोप चित्रकूट जिले के कोतवाली कर्वी थाने में 31 अगस्त, 2024 को अंसारी, नवनीत सचान, नियाज अंसारी, फराज खान और शाहबाज आलम खान के खिलाफ उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा दो, तीन के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन पर जबरन वसूली और मारपीट का आरोप लगाया गया था। 6 सितंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था अंसारी मऊ निर्वाचन क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक हैं। जमानत याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि मामले में जांच जारी है। इस मामले में उन्हें छह सितंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट में तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों की स्थायी नियुक्ति को मंजूरी भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बॉम्बे हाईकोर्ट में तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी ।

# संपादकीय

## रेखा के हवाले दिल्ली

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलतरू राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी।

# दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फरवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली। मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवतरू पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है। कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नजदीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे। दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फिलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी।

भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था। रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं। एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली। सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ पोस्ट किये थे। अमर्यादित व कई नफरती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाजा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आने पर अब आप के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन आदि पराजित हो चुके हैं और आप की पूर्ववर्ती सरकार के कामों का बचाव करने वाले प्रभावी लोग सदन में रहेंगे नहीं। शराब घोटाले की तलवार पहले से चल रही है। सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला चलाने की राष्ट्रपति से मंजूरी दो दिन पहले ही मिल गयी है और वे चुनाव भी हार चुके हैं। नयी मुख्यमंत्री और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर दिल्ली का कितना विकास करते हैं, यह तो वक्त ही बतायेगा परन्तु दोनों मिलकर आप को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे– यह तय माना जा रहा है, क्योंकि



उसने भाजपा को तीन बार परास्त किया है। कांग्रेस की स्थिति सदन में तो शून्य है, यहां और सदन के बाहर उसे आप का ही सफाया करने की जरूरत है जिसके बाद वह खुद को लम्बे समय तक एकछत्र राज करने के काबिल मान रही होगी फिर भी, रेखा गुप्ता के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली तो है जनहित के मुद्दों को आप ने प्रमुख विमर्श बना दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि को लेकर उन्हें ठोस कार्य करने होंगे जिसकी भाजपा आदी नहीं है। कुछ अन्य राज्यों में तो यह चल सकता है लेकिन दिल्ली में उन्हें ठोस नतीजे देने होंगे। आप ने कई सेवाएं या तो मुफ्त कर दी थीं अथवा रियायती दर पर। इन्हें जारी रखना भाजपा की नयी सरकार के लिये चुनौती होगी। यमुना नदी की सफाई भी बड़ा मुद्दा है जहां नयी सरकार को कुछ कर दिखाना होगा। कांग्रेस नहीं है पर उसकी सरकार के दौरान शीला दीक्षित के किये काम आज भी बेंचमार्क हैं। उनसे बड़ी रेखा खींचनी होगी रेखा गुप्ता को।

# अस्मिता और विरासत का उत्सव अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस


आज के वैश्विक युग में एक से अधिक भाषाओं में दक्षता हासिल करना एक कौशल है, जिसकी कि हम सबको विशेष जरूरत है। यह एक तरह की विशेष योग्यता है जिनका इस युग में बहुत अधिक महत्व है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा में संवाद करने और बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। अपनी भावनाओं और संवेदनाओं को व्यक्त करने में हमारी मातृभाषा सबसे प्रभावी माध्यम है, क्योंकि यह भावनात्मक रूप से हमें एक सूत्र में जोड़ती है और श्सगेपनश का अहसास कराती है। विभिन्न शोधों के निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि जो लोग अपनी मातृभाषा में दक्ष हैं, वे आमतौर पर शैक्षणिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। यह उनकी कुशलता के लाभों को दर्शाता है। यही मूल कारण है कि शिक्षाविद प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा को शिक्षण का माध्यम बनाने को प्राथमिकता देते हैं ताकि छात्र अपने अकादमिक जीवन में बेहतर कुशलता और सफलता अर्जित कर सकें। इसमें अब कोई दो राय नहीं कि हमारी और आपकी मातृ भाषाएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समाज को सशक्त बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वैश्विक भाषा परिदृश्य की यदि बात करें तो पूरे विश्व में लगभग 8,324 भाषाएं बोली जाती हैं। गौरतलब है कि इनमें से कई वैश्वीकरण और सामाजिक परिवर्तनों के कारण विलुप्त होने के कगार पर हैं। यह बेहद चिंता की बात है कि हर दो सप्ताह में एक भाषा लुप्त हो जाती है, जिससे हमारी अनूठी संस्कृतियां और परंपराएं खतरे में पड़ जाती हैं। अमेरिकी भाषाविद केनेथ एल. हेल ने एक बार कहा था, श्जब आप एक भाषा खो देते हैं, तो दरअसल आप एक संस्कृति, बौद्धिक संपदा और अपनी एक कला को खो देते हैं।श यह अच्छी बात है कि भाषाई विविधता में तेजी से आ रही गिरावट को अब खुलकर स्वीकार किया जाने लगा है और प्रमुख और अल्पसंख्यक भाषाओं के बीच की चिंताओं पर अब चर्चा की जाने लगी हैं। परिणामस्वरूप, हाल के वर्षों में संकटग्रस्त भाषाएं, शैक्षणिक अनुसंधान और सामुदायिक पहलों का केंद्र बन गई हैं, जिनका उद्देश्य उनको संरक्षित और पुनर्जीवित करना है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बहुभाषावाद की सुरक्षा के महत्व को पुनरू स्थापित करता है। यह भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 फरवरी को मनाया जाता है। यूनेस्को ने इस दिन की घोषणा 17 नवंबर 1999 को की थी, और इसे पहली बार 21 फरवरी 2000 को मनाया गया। सन् 2002 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर आधिकारिक रूप से इस दिन को मान्यता प्रदान किया। यह अवसर विश्व स्तर पर बोली जाने वाली विविध भाषाओं का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है।

बीते वर्षों में, अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के माध्यम से मातृभाषा और बहुभाषी शिक्षा के विभिन्न सरोकारों पर किया गया, जिनमें श्समाज और शिक्षा में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को बढ़ावा देनाश (2021), श्बहुभाषी शिक्षा के लिए तकनीक का उपयोगरू चुनौतियां और अवसरश (2022),श्शिक्षा परिवर्तन के लिए बहुभाषी शिक्षारू एक आवश्यकताश (2023), श्बहुभाषी शिक्षारू सीखने और पीढ़ीगत आदान–प्रदान का एक स्तंभश (2024) उल्लेखनीय हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, जो भाषा संरक्षण के महत्व के प्रति हमारे सरोकारों को उजागर करती हैं, ताकि सांस्कृतिक विरासत व भाषिक विविधताओं को सुरक्षित रखा जा सके और एक समावेशी समाज का निर्माण संभव हो सके।

## ..........स्वास्थ्य..........

# दिमाग की नस फटने से कुछ दिन पहले आता है छोटा अटैक, उसे पकड़ लिया तो बच जाती है जान !

ब्रेन स्ट्रोक के केसेज तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में व्यक्ति की दिमाग की नस फट जाती है और जब दिमाग की नस फटती हैं। दिमाग की नस फटने को ब्रेन हेमरेज कहा जाता है। यह एक ऐसी जानलेवा स्थिति है जिसमें दिमाग की नस फटने से आस–पास के टिश्यूज में



खून बहने लगता है और मस्तिष्क की कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं लेकिन यहां बड़ी बात यह है कि अगर लक्षणों को पहले ही पहचान लिया जाए तो ब्रेन स्ट्रोक से बचा जा सकता है क्योंकि इससे पहले काफी छोटा सा अटैक दिख सकता है और उसके लक्षणों को पहचान कर जल्द ही इलाज करवाया जा सकता है।

मिनी ब्रेन स्ट्रोक को समझें

जब दिमाग में कोई नस ब्लॉक हो जाती है तो ब्रेन स्ट्रोक आता है। ऐसी स्थिति में मरीज को इलाज ना मिलें तो मौत हो सकती है लेकिन इस बड़े अटैक से पहले मिनी ब्रेन स्ट्रोक आता है लेकिन लोगों को इस बारे में बहुत कम ही जानकारी है। बड़े अटैक से पहले ही मिनी अटैक के लक्षण दिख सकते हैं। इसके लक्षण हल्के होते हैं, जिन्हें वक्त पर पहचानकर बड़े अटैक से बच सकते हैं। इसे मिनी ब्रेन स्ट्रोक या ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक कहा जाता है।

दिमाग का छोटा अटैक कब आता है?

ब्रेन स्ट्रोक की तरह छोटा अटैक भी दिमाग की नस ब्लॉक होने से आता है। छभ्ै के अनुसार, ब्रेन स्ट्रोक के चलते दिमाग को ऑक्सीजन मिलनी बंद हो जाती है लेकिन ये परमानेंट डैमेज नहीं होती और 24 घंटे में खुद ही ठीक हो जाती है हालांकि इसके लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए और तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

24 घंटे में गायब हो जाते हैं मिनी स्ट्रोक के लक्षण

मिनी स्ट्रोक की वजह नसों में ब्लड क्लॉट जमना है जिससे खून पूरी आजादी से शरीर में सर्कुलेशन सही से नहीं हो पाता लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं हालांकि इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

पैरालिसिस या स्ट्रोक से कैसे बचें?

घ्शरीर के किसी एक तरफ पर चेहरे, हाथ या पैर में सुन्नपन या कमजोरी जैसे महसूस होना।

अचानक ही बोलने या देखने में दिक्कत होना।

शरीर का बेलेंस बनाने में मुश्किल होना।

सिरदर्द या चक्कर आना, सिरदर्द काफी तेज और गंभीर हो सकता है।

चेहरे की मांसपेशियां गिरनाघ्ह या एक तरफ झुकाव होना।

खाना निगलने में कठिनाई।

मिनी स्ट्रोक से बचने के टिप्स

मिनी स्ट्रोक या ब्रेन स्ट्रोक से बचने के तरीके एक जैसे है...

धूम्रपान और शराब का सेवन बंद करें।

ताजे फल, सब्जी और साबुत अनाज खाएं।

वजन कंट्रोल रखें।

फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें और रोजाना सैर, योग या हल्की–फुलकी एक्सरसाइज शामिल करें।

फैटी फूड्स का सेवन कम कर दें।

घ्टाइप 2 डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई बीपी की समस्या है तो इन्हें कंट्रोल में रखने के लिए दवाइयां जरूर लेते रहें।

स्ट्रोक से बचाने वाली डाइट (थ्वвके ज्व च्तमअमदज ैजतवाम)

ब्रेन स्ट्रोक से बचने के लिए लो फैट और हाई फाइबर डाइट खानी शुरू करें। इसके साथ अपने खाने में नमक का इस्तेमाल बिलकुल कम करें और डीप फ्राई, तली भुनी चीजों से भी परहेज करें। अपनी डाइट में कुछ आहारों को जरूर शामिल करें जैसेः नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, एवोकाडो, सेब, केला, गाजर, चुकंदर, ब्रोकली, पालक, टमाटर, दालें, राजमाह, छोले, क्विनोआ, ओट्स, बादाम, चिया सीड्स, शकरकंद खाएं।

डिस्क्लेमररू यह केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज फॉलो करने से पहले डॉक्टर से संपर्क करें।

# बिना वैक्स या शेविंग हाथ और पैरों के बाल होंगे जड़ से गायब, बस अपनाएं ये 4 घरेलू उपाय

हाथ और पैरों के अनचाहे बाल हटाने के लिए कई लोग वैक्सिंग और शेविंग का सहारा लेते हैं। लेकिन इनसे कभी–कभी त्वचा पर जलन, खुजली, या काले दाग पड़ सकते हैं। इसके अलावा, बार–बार शेविंग करने से बाल जल्दी वापस उग आते हैं और वैक्स करवाने से दर्द भी होता है। अगर आप इन उपायों से बचना चाहते हैं तो हम आपको बताने जा रहे हैं 4 नेचुरल और असरदार घरेलू उपाय, जिनसे आप आसानी से बालों को जड़ से निकाल सकते हैं, बिना किसी दर्द या नुकसान के।

बेसन और कच्चा दूध

बेसन और कच्चा दूध एक बेहतरीन नेचुरल उपाय है जो हाथ और पैरों के बालों को हटाने में मदद करता है। इसके लिए एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन और 1 चम्मच कच्चा दूध डालकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर इस मिश्रण को अपनी त्वचा पर लगाकर सूखने दें। जब यह सूख जाए, तो हल्के हाथों से इसे रगड़ें। बेसन के साथ ही बाल भी हट जाएंगे और त्वचा की टैनिंग भी कम होगी, जिससे आपकी त्वचा और भी चमकदार नजर आएगी।

चावल का आटा

चावल के आटे का उबटन भी एक प्रभावी तरीका है। चावल के आटे में पका हुआ पपीता डालकर उसे अच्छी तरह से मैश करें। अब इस पेस्ट को हाथ और पैरों पर लगाकर 20 मिनट तक छोड़ दें। फिर त्वचा को रगड़ते हुए बालों को हटाएं। यह तरीका बालों को जड़ से निकालने में मदद करता है और त्वचा को भी मुलायम बनाता है।

नींबू और शहद

नींबू और शहद का मिश्रण भी बालों को हटाने का एक प्रभावी तरीका है। नींबू का रस त्वचा की रंगत को सुधारता है और शहद बालों को जड़ से हटाने में मदद करता है। इसके लिए नींबू का रस और शहद को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपनी त्वचा पर लगाएं और 20–25 मिनट तक छोड़ दें। फिर गीले कपड़े से त्वचा को पोछ लें। इस उपाय को हफ्ते में 1–2 बार करने से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

मसूर की दाल और आलू का रस

मसूर की दाल भी बालों को हटाने के लिए एक प्रभावी उपाय है। मसूर की दाल का बारीक पेस्ट बनाकर उसमें आलू का रस डालें। आलू का रस बालों की जड़ को कमजोर करता है और प्राकृतिक ब्लीच की तरह काम करता है। इस पेस्ट को हाथ और पैरों पर लगाकर अच्छे से मसाज करें। सप्ताह में 1–2 बार इस पेस्ट को लगाने से अनचाहे बाल धीरे–धीरे खत्म हो सकते हैं।



इन घरेलू उपायों को अपनाकर आप बिना वैक्स और शेविंग के हाथ और पैरों के बाल हटा सकते हैं। ये न केवल बालों को जड़ से हटाते हैं, बल्कि आपकी त्वचा को भी मुलायम और ग्लोइंग बनाते हैं। इन उपायों को नियमित रूप से करने से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

# हर बीमारी का काल घर का बना देसी जूस, पियो और जिंदगी लंबी जियो

स्वस्थ कौन नहीं रहना चाहता? हर कोई चाहता है कि वह ताउम्र बीमारियों से बचा रहे और सेहतमंद रहने का एक ही राज है वो है हैल्दी लाइफस्टाइल। आपका लाइफस्टाइल खान–पान हैल्दी होगा तो आप स्वस्थ लाइफ जी सकते हैं। स्वस्थ रखने में आपकी डाइट सबसे अहम रोल निभाती है। खाने में आप कुछ ऐसी चीजें शामिल कर सकते हैं जो आपके शरीर को एक प्रोटेक्टिव लाइन देती हैं। ऐसी चीजें जो लगभग हर भारतीय रसोई में मिल जाती है। चलिए आपको एक ऐसा जूस बताते हैं जिसे पीकर आप हैल्दी रहेंगे और कई बीमारियों से बचाव होगा। इसे आप आसानी से घर पर भी तैयार कर सकते हैं।

घर पर तैयार करें अपना हैल्दी जूस

इसके लिए आपको चाहिए क्या सबसे पहले वह जान लें। इस होममेड जूस के लिए आपको एक चुकंदर, एक आंवला, 1 कच्ची हल्दी, 1 गिलोय स्टिक, थोड़ा सा अदरक, कीनू (संतरा), लहसुन की दो कलियां, सेब और नारियल पानी।

इन सब चीजों को ग्राइंडर में डालकर अच्छे से इन सबका जूस तैयार करें और इसका सेवन करें। इन सभी सामग्रियों से बने जूस का सेवन करने से शरीर को कई पोषक तत्व और स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। यह जूस आपको कई तरह की बीमारियों से तो बचाता ही है साथ ही में यह आपकी स्किन और बालों को बहुत हैल्दी कर देता है। इस जूस का फायदा यह भी है कि इससे आपका पूरा शरीर एनर्जी से भरपूर रहेगा इन सभी सामग्रियों से बने जूस का नियमित सेवन शरीर को डिटॉक्सिफाई करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने और पाचन में सुधार करने में मदद करता है। साथ ही यह त्वचा, बालों और हृदय स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

चलिए अब इस जूस में इस्तेमाल की गई सामग्री के आपको फायदे बताते हैं।

1. चुकंदर

खून बढ़ाने में मदद करता है।
डिटॉक्सिफिकेशन करता है।
हृदय स्वास्थ्य को सुधारता है।
एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर है।

2. आंवला

इम्यूनिटी बूस्टर।
विटामिन ब् का बेहतरीन स्रोत।
त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद।
पाचन में सुधार करता है।

3. कच्ची हल्दी

एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर।
त्वचा की समस्याओं में सुधार।
इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक।
जोड़ों के दर्द से राहत।

4. गिलोय स्टिक

इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।
बुखार और वायरल संक्रमण में राहत देता है।
शरीर को डिटॉक्स करता है।
डाइजेस्टिव हेल्थ को सुधारता है।

5. अदरक

सूजन और दर्द को कम करता है।
पाचन को सुधारता है।
मेटाबोलिज्म को बढ़ाता है।
सर्दी–जुकाम में राहत देता है।

# 'सीओ की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस का आयोजन'



'रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

'पाली–(हरदोई)' शनिवार को पाली थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा एवं नायब तहसीलदार आभा गुप्ता ने संयुक्त रूप से आये हुए फरियादियों की समस्याओं को बड़ी गंभीरता से सुना और दोनों अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 20 शिकायतें मिली। जिनमें से 18 शिकायतें राजस्व विभाग से तथा 02 शिकायतें पुलिस से संबंधित थीं। राजस्व से संबंधित सभी शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागीय कर्मचारियों को शिकायती पत्रों को सौंप दिया गया। और उन्हें निर्देश दिया गया कि सभी शिकायतों को ससमय गुणवत्तापूर्ण पारदर्शिता के साथ निस्तारित किया जाये। साथ ही पुलिस से संबंधित शिकायतों को संबंधित हल्का इंचार्ज को जल्द से जल्द निस्तारण हेतु सौंप दिया गया। सीओ अनुज कुमार मिश्रा ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उन्हें समय के अंदर ही गुण दोष के आधार पर जांच कर निस्तारित किया जाए। नायब तहसीलदार आभा गुप्ता ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाना दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लें। राजस्व से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम के साथ मौके पर जांच कर निस्तारित किये जायें। इस मौके पर पाली थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को पारदर्शी न्याय दिलाना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, पुलिस कर्मी सहित फरियादी मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर में अप्रशिक्षितों ने कराया प्रसव, बच्चे की मौत

लखनऊ,(संवाददाता)। एंबुलेंस से प्रसव के लिए बुधवार सीएचसी गिलौला आई पीड़िता को बेहतर सुविधा नहीं मिली जिसका फायदा उठाते हुए आशा कार्यकर्ता उसे एक मेडिकल स्टोर ले गई। जहां अप्रशिक्षितों ने प्रसव कराया। प्रसव के बाद बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद उसे घर ले जाने के लिए बाहर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। मामले में पति ने गिलौला पुलिस से शिकायत की है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर केरवनिया निवासी सुरेश कुमार चौहान की पत्नी रानी (30) को बुधवार को प्रसव पीड़ा हुई जिसे आशा कार्यकर्ता अनीता सिंह एंबुलेंस से सीएचसी गिलौला लाई। जहां मौजूद चिकित्सक ने रानी को परिसर में चलने के लिए कहा। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ने लगी। मौके पर मौजूद आशा ने बताया कि अस्पताल में बेहतर इलाज नहीं हो पाएगा। इसे प्राइवेट अस्पताल ले चलो। इसके बाद आशा रानी को सड़क पार राम मेडिकल स्टोर के पीछे कमरे में ले गई। जहां मनोज गुप्ता व विनय गुप्ता ने एक महिला के साथ मिल कर रानी का प्रसव कराया। प्रसव के कुछ देर बाद बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद रानी को वहां से बाहर कर दिया गया। इस दौरान प्रसव व दवा के नाम पर आठ हजार रुपये भी लिए गए। घर ले जाते समय रास्ते में रानी की मौत हो गई। मामले में पीड़ित पति ने गिलौला पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामनगर केरवनिया निवासी रानी का यह तीसरा प्रसव था। सुरेश चौहान का आरोप था कि सीएचसी में करीब 20 मिनट रहने के बाद भी उसको इलाज नहीं मिला। इसके बाद आशा उसे मेडिकल स्टोर ले गई थी। जिसने बताया था कि वह मेडिकल स्टोर के बारे में जानती है। वहां नार्मल डिलीवरी हो जाएगी। प्रसव कराने के लिए रानी के साथ पीड़ित की दादी व चाची भी गई थी। जिले में खुले ज्यादातर निजी अस्पतालों में आशा कार्यकर्ताओं को ऐसे मामले लाने के लिए कमीशन दिया जाता है। पैसे के लालच में आशा कार्यकर्ता लोगों की जिंदगी से खेल रहीं हैं। जिसका खामियाजा रानी व उसके नवजात शिशु को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। सीएमओ डॉ. एके सिंह



ने कहा कि घटना की जानकारी के बाद डिप्टी सीएमओ डा. डीके सिंह को भेज कर मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। रही बात आशा की तो इसकी नियुक्ति ग्राम प्रधान करते हैं। उसे मैं निकाल नहीं सकता लेकिन दोषी मिली तो उसे नियमानुसार हटाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक को वेतन न देने पर विधान परिषद सभापति ने की कड़ी टिप्पणी

लखनऊ,(संवाददाता)। रायबरेली के एक शिक्षक को वेतन न देने के मामले में विधान परिषद सभापति ने कड़ा रुख दिखाया है। उन्होंने कहा अधिकारी बहुत अधिक ढीठ हो चुके हैं। 25 फरवरी को माध्यमिक शिक्षा



निदेशक और रायबरेली के जिला विद्यालय निरीक्षक को तलब किया गया है। विधान परिषद सदस्य ध्रुव त्रिपाठी ने यह मामला उठाया था। रायबरेली के वासी नकवी नेशनल इंटर कॉलेज में शिक्षक प्रदीप कुमार का वेतन रोक दिया गया है। कई बार पीठ से इस मामले में जवाब देने के निर्देश दिए गए थे।

### लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने जा रहे वकील, बैरीकेडिंग लगाकर रोका

लखनऊ,(संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में बार एसोसिएशन के वकीलों ने केंद्र में प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने कलेक्ट्रेट से लेकर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा तक मार्च किया। वकील विधानभवन का घेराव करने जा रहे थे। हालांकि, पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। वकीलों ने प्रस्ताव का विरोध किया है।

### राहुल गांधी के खिलाफ लगे पोस्टर, कांग्रेस नेता उदित राज के बयान के लिए माफी मांगने की मांग की

लखनऊ,(संवाददाता)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के रायबरेली दौरे का बहुजन स्वाभिमान मंच ने विरोध किया है और राहुल गांधी पर दलितों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। पोस्टर के माध्यम से कांग्रेस नेता उदितराज के बयान पर राहुल गांधी से मांफी मांगने की मांग की गई है। ये पोस्टर बहुजन स्वाभिमान मंच की तरफ से लगाए गए हैं। पोस्टर में कहा गया है कि राहुल गांधी जी बहुत हो गया। आपकी दोगली नीति एक तरफ अनुसूचित जाति के लोगों का वोट पाने के लिए मूल भारतीय छात्रावासध्वीरा पासी जी के स्मारकों पर जाकर दलितों का हितैषी दिखाकर इस पूरे समाज को भ्रमित कर रहे हैं। तो दूसरी तरफ अपनी पार्टी के नेताओं से दलितों की मसीहा चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी बहन मायावती का गला घोंटने का एलान करा रहे हैं। यह अपमान पूरे देश के दलित समाज का अपमान है। इस पर माफी मांगो अन्यथा दलित समाज आपको सबक जरूर सिखाएगा।

### होलिकोत्सव के दिन होगी शुक्रवार की नमाज, अलर्ट रहे पुलिस और प्रशासन

लखनऊ,(संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने खासकर होली और महाशिवरात्रि पर अफसरों से अलर्ट रहने को कहा। सीएम ने आगामी महाशिवरात्रि, होली, चौत्र नवरात्र, रामनवमी, रमजान, नवरोज आदि पर्व–त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कहा कि 13 मार्च को होलिकोत्सव के दिन शुक्रवार की नमाज भी होगी। अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकते है, लिहाजा पुलिस–प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। अराजकता फैलाने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ समेत प्रदेश सभी मुख्य धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। महाशिवरात्रि के दिन महाकुंभ का अंतिम स्नान होने की वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। व्यवस्था में चूक की गुंजाइश नही होनी चाहिए। स्नान पर्व की कार्ययोजना बनाई जाए। श्रद्धालुओं को संगम स्नान के लिए कम से कम पैदल चलना पड़े। जल की गुणवत्ता बनी रहे। अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करते रहें। काशी में भी 15–25 लाख श्रद्धालुओं का आगमन संभावित है। सबकी सुरक्षा–सबको सुविधा सुनिश्चित कराई जाएगी। शिव मंदिरों की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर स्वच्छता, पार्किंग प्लान, ट्रैफिक डायवर्जन के लिए बेहतर कार्ययोजना लागू करें।

# जेल में बंद कैदियों ने किया महाकुंभ स्नान, पूजा–आरती करने के बाद स्नान कर लगाए जय गंगा मैया के नारे

लखनऊ,(संवाददाता)। यूपी के गोंडा जिले और अयोध्या मंडल की जेल सहित प्रदेश की कई जेलों के कैदियों ने शुक्रवार को महाकुंभ स्नान किया। कैदियों के लिए महाकुंभ से जल लाया गया था जहां पर सभी ने पूजा–पाठ करने के बाद स्नान किया। इस संबंध में कारागार मंत्री ने आदेश दिया था जिस पर जेल में ही कैदियों के स्नान के लिए महाकुंभ के जल की व्यवस्था की गई। जेल में सामूहिक स्नान के लिए एक बड़े से हौद में महाकुंभ का जल भर दिया। जहां पर कैदियों ने पहले पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद स्नान किया। गोंडा जेल के अधीक्षक अपूर्व व्रत पाठक ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला कारागार गोंडा में बंदियों को महाकुंभ के जल से सामूहिक स्नान कराया गया है। महाकुंभ के जल से स्नान करने के बाद बंदियों के चेहरे पर भी प्रसन्नता थी। इस अवसर पर जेलर शिव प्रताप मिश्रा, डिप्टी जेलर सुरेश कुमार, शैलेंद्र वर्मा सहित जेल के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंबेडकरनगर महोत्सव, बॉलीवुड और भोजपुरी कलाकार मचाएंगे धमाल

लखनऊ,(संवाददाता)। आगामी 22 फरवरी को अंबेडकरनगर विकास एवं विरासत महोत्सव 2025 का जोरदार आगाज होगा। मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि इस बार महोत्सव पूरी तरह से आम आदमी को समर्पित रहेगा। इसलिए किसी भी प्रकार के पास नहीं जारी किए जाएंगे। यातायात व्यवस्था में कोई व्यवधान न आए। इसके लिए सभी एसडीएम और सीओ अपने अधीनस्थों के साथ मोर्चा संभालेंगे। जिले और राज्य स्तर पर सूचना विभाग में पंजीकृत कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाएगा। स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे। पशुप्रेमियों से लेकर महिलाओं और बच्चों के लिए भी विशेष कार्यक्रम डॉग शो व हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया जाएगा। एक जनपद एक उत्पाद से लेकर समूह की महिलाओं के उत्पादों के स्टॉल, बच्चों के लिए झूलों के इंतजाम किए जाएंगे। 22 फरवरी को बॉलीवुड गायक शबाब साबरी, भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के दौरान बुजुर्ग की मौत, हत्या का केस

लखनऊ,(संवाददाता)। दुबग्गा इलाके में मारपीट के दौरान बृहस्पतिवार रात दशहरी गांव निवासी अहमद अली (60) की मौत हो गई। परिजनों ने आरोपी अहमद अली, तौहीद व अन्य के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों पक्षों में एक लड़की से बातचीत को लेकर विवाद हुआ था। मृतक के बेटे जावेद के मुताबिक उनका भाई अहमद दो साल से सऊदी अरब में काम कर रहा है। आरोप है कि बृहस्पतिवार रात 9.30 बजे पलिया गांव निवासी अहमद अली साथी तौहीद व अन्य अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पर भाई अहमद की शिकायत करने पहुंचा। आरोपी अपने परिवार की लड़की से जावेद के भाई की बातचीत करने का आरोप लगा रहे थे। इस पर जावेद के बुजुर्ग पिता अहमद अली जब घर के बाहर निकले तो आरोपी पक्ष गाली–गलौज करने लगा। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस बीच जावेद के पिता की हालत खराब हो गई। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, वहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। जावेद ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। वहीं, आरोपी पक्ष ने मृतक के बेटे अहमद पर उनके परिवार की लड़की की फोटो वायरल करने की बात कही है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि हत्या का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

### रहमानखेड़ा जंगल में फिर लौटा बाघ

लखनऊ,(संवाददाता)। रहमानखेड़ा जंगल में बाघ वन विभाग के साथ आंख मिचौनी का खेल खेल रहा है। हर दिन शाम पांच बजे से सुबह छह बजे तक बाघ की चहलकदमी सबसे अधिक पाई जा रही है। दो दिनों के बाद बृहस्पतिवार को एक बार फिर से बाघ रहमानखेड़ा जंगल में देखा गया। हालांकि 77 दिन बाद भी बाघ को पकड़ा नहीं जा सका है। ऐसे में ग्रामीणों में चर्चा तेज है कि रेस्क्यू ऑपरेशन के नाम पर वन विभाग महज रस्म अदायगी कर रहा है। वन विभाग की ट्रैकिंग टीम को बाघ के नए पगचिह्न जोन–1, 2 व 3 में मिले हैं। बाघ को पकड़ने के लिए हथिनियों सुलोचना व डायना से जोन–2 में कांबिंग कराई गई। थर्मल ड्रोन के माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। साथ ही बेल वाले ब्लॉक के पास जाल लगाने की कार्रवाई की गई। बेहटा नाले में नाव के माध्यम पेट्रोलिंग की, लेकिन बाघ का पता नहीं लगा है। बाघ ने जंगल इलाके में अपना 22वां शिकार 13 फरवरी को किया था। ऐसे में बाघ इस समय भूखा बताया जा रहा है। इसी के चलते जंगल के चारों ओर उसकी सक्रियता बढ़ रही है। वन विभाग के विशेषज्ञों की माने तो बाघ नए शिकार की तलाश में घूम रहा है। इधर, वन विभाग की टीम भी बाघ को पकड़ने के लिए सक्रिय है। जंगल के चारों मुख्य मार्गों पर पिंजरे और जाल लगाए गए हैं। ट्रैक्टर पर बनाए गए मोबाइल मचान पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है।

### ई रिक्शा हटाने के लिए कहने पर यातायात सिपाही से मारपीट

लखनऊ,(संवाददाता)। पारा में बीच सड़क से ई रिक्शा हटाने के लिए कहने पर चालक ने यातायात सिपाही गोविंद सिंह से मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यातायात पुलिस लाइन में तैनात गोविंद के मुताबिक 13 फरवरी को उनकी ड्यूटी बुद्धेश्वर चौराहे पर थी। शाम करीब साढ़े सात बजे बीच सड़क पर करन कश्यप ई रिक्शे में सवारी भरने लगा। इससे अन्य वाहन सवारों को दिक्कत हो रही थी। ई रिक्शा हटाने के लिए कहा तो वह अभद्रता करने लगा। गोविंद पीछे मुड़कर मदद के लिए चौराहे पर ही तैनात टीएसआई अनिल कुमार को आवाज देने लगे तभी करन ने उनका कॉलर पकड़कर धक्का दे दिया। गाली–गलौज करते हुए। मारपीट की और भाग निकला। इसमें वह घायल हो गए। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सीड्स फार्म से सस्ते होंगे बीज, आत्मनिर्भरता के साथ उपज भी बढ़ेगी, 250 करोड़ रुपये मंजूर

लखनऊ,(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के किसानों को अब लखनऊ में उपजाये गए बीज मिल सकेंगे। बृहस्पतिवार को प्रदेश के बजट में सरकार ने इसके लिए 250 करोड़ रुपये खर्च का खास प्रावधान किया। सीड्स फार्म पार्क बीज केंद्र की स्थापना मॉल स्थित अटारी फॉर्म में किए जाने के लिए भूमि चिह्नित की गई है। इस सीड्स फार्म पार्क में देश की बड़ी बीज कंपनियां आकर बीज की उपज करेंगी। पीपीपी मॉडल पर कंपनियों को सरकार पार्क उपलब्ध करवा रही है। कृषि विभाग के जानकार सरकार के इस कदम को क्रांतिकारी मान रहे हैं। अभी तक बड़ी बीज कंपनियां तेलंगाना, केरल आदि राज्यों में वैज्ञानिक विधि से बीज तैयार करती हैं और उसको देश भर में बेचती हैं। इन कंपनियों के उपजाये हुए बीज को यूपी के किसान भी लेते हैं। दूरी अधिक होने के कारण बीज की कीमतें ज्यादा हो जाती हैं। दूसरे, अन्य राज्यों की मिट्टी व जलवायु में तैयार बीज प्रदेश की जलवायु और किसानों के खेतों के कम अनुरूप होते हैं। इसी वजह से कई बार गुणवत्तापूर्ण बीज से भी आशा के अनुरूप उपज नहीं मिलती और किसानों का नुकसान हो जाता है। सीड्स फार्म पार्क की स्थापना का प्रस्ताव कुछ समय पहले तैयार करने वाले पूर्व अपर निदेशक बीज व प्रक्षेत्र एके सिंह बताते है कि बीज के मामले में मृदा और जलवायु का खास असर होता है। इसी के मद्देनजर प्रदेश के किसानों को यहीं पर तैयार बीज देने का प्रारूप तैयार किया गया था, जिसे अब हरी झंडी मिल गई है। यहां तैयार होने वाले बीज किसानों के खेतों में अधिकतम उपज देंगे और अनाज की क्वॉलिटी भी अच्छी होगी। बीज भी सस्ते होंगे। किसानों को फायदा होगा ही, क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। बीज के मामले में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। कृषि विभाग के अधिकारी मानते हैं कि मुख्यमंत्री के थ्री ट्रिलियन इकॉनमी के सपने को पूरा करने के लिए बुंदेलखंड, तराई, पूर्वी और पश्चिमी यूपी में भी अगले कुछ समय में लखनऊ की तर्ज सीड्स फार्म पार्क स्थापित करने की योजना है। सीड्स फार्म पार्क में गेहूं, मूंग, अरहर, मटर, मक्का, धान सहित सभी जींस के बीज तैयार कराए जाएंगे।

क्यों महत्वपूर्ण है बीज का उत्पादन

पारंपरिक खेती के दौरान प्रदेश के किसान अपने ही खेतों में सभी फसलों के बीज खुद ही तैयार करते रहे हैं। खपत को देखते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों ने हाइब्रिड फसलों का उत्पादन शुरू किया तो इसमें बीज तैयार करने की संभावनाएं कम हो गईं। हाइब्रिड से फसल तो ली जाती है लेकिन किसान खुद बीज तैयार नहीं कर पाते। किसानों को हर बार नया बीज लेना पड़ता है। पुराने समय में किसान खुद ही अपनी फसलों से ही नए बीज तैयार कर लेते थे।

हर साल 35 लाख क्विंटल बीज खरीदते हैं यूपी के किसान

कृषि विभाग के आंकड़ों की माने तो प्रदेश में साल में सभी फसलों के सीजन में करीब 65 लाख क्विंटल बीज किसान प्रयोग करते हैं। इसमें से करीब 35 लाख क्विंटल बीज दूसरे प्रदेशों से खरीदा जाता है। जबकि यूपी में 45 क्विंटल बीज उत्पादन क्षमता है। यहां के करीब 15 लाख क्विंटल बीज की दूसरे प्रदेशों में खपत होती है। 30 लाख क्विंटल बीज ही किसान अपने प्रयोग में ला पाते हैं।

आत्मनिर्भरता की तरफ बड़ा कदम

अपर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र एएन मिश्र का कहना है कि काफी संख्या में किसान फसल के लिए हाइब्रिड प्रजातियों की बोआई ही करते हैं। इस कारण उन्हें हर बाजार से बीज खरीदने पड़ते हैं। मॉल के अटारी फार्म में सीड्स फार्म पार्क खुलने बीज की कीमतें कम होंगी। हम अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी प्रजाति के बीज तैयार कर लेंगे। यह आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम होगा।

# ट्रेनों-बसों में अभी भी मारामारी, नियमित ट्रेन बंद होने से बढ़ी भीड़, चलेंगी 14 स्पेशल गाड़ियां

लखनऊ,(संवाददाता)। महाकुंभ जाने वाले की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। क्या बस और क्या ट्रेन हर जगह भीड़ जरुरत से बहुत ज्यादा है। लखनऊ से प्रयागराज जाने वाले कई गाड़ियां रद्द होने से नियमित ट्रेन गंगा गोमती पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। लोग किसी भी हालत में जगह पाना चाहते हैं। यही हाल बसों का भी है। कुंभ के लिए बसों में भीड़ है ही। कुंभ की वजह से जिन रूटों में बस कम कर दी गईं हैं वहां भी मारामारी की हालत है। लखनऊ के चारबाग और केसरबाग में लोगों की भारी भीड़ दिख रही है। महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ शनिवार से फिर उमड़नी शुरू होगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि वीकेंड से शुरू होने वाली भीड़ महाशिवरात्रि तक रहेगी। ऐसे में यात्रियों के लिए 14 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। लखनऊ से प्रयागराज जाने वाली बरेली प्रयागराज एक्सप्रेस की स्लीपर में 90, थर्ड व सेकेंड एसी में क्रमशः 71, 38 वेटिंग चल रही है। नौचंदी में शनिवार को सभी श्रेणियों की सीटें फुल हैं। लखनऊ प्रयाग इंटरसिटी की चेयरकार में शनिवार व रविवार को 61 व 43 वेटिंग, गंगा गोमती एक्सप्रेस चेयरकार में 66, 41, योगनगरी ऋषिकेश प्रयाग एक्सप्रेस की स्लीपर में 84, 83 व थर्ड एसी में 29, 27 वेटिंग है। वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में रविवार को 127, एग्जीक्यूटिव में 58 वेटिंग पहुंच चुकी है। ऐसे में स्पेशल ट्रेनों से राहत की उम्मीद है। लखनऊ से प्रयागराज जाने के लिए शनिवार व रविवार को 315 बसें चलाई जाएंगी। वहीं, 76 बसें रिजर्व में रहेंगी। मुसाफिरों की संख्या बढ़ने पर इन बसों को डिपो से बस अड्डों पर लाया जाएगा।

# भौजाई से झगड़े के दौरान लगा चाकू, ननद की मौत

लखनऊ,(संवाददाता)। महानगर के जीआईसी कंपाउंड में बृहस्पतिवार शाम वंदना का उनकी भौजाई दीपा से विवाद हो गया। मारपीट के दौरान अचानक वंदना को चाकू लग गया। वह लहूलुहान होकर चीखने लगीं। परिजन गंभीर अवस्था में उन्हें सिविल अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक वंदना 15 साल से अपने भाई मनीष के साथ मायके में रह रही थीं। वंदना का उनके पति से विवाद हो गया था। दोनों अलग रहते थे। बृहस्पतिवार को वंदना व दीपा घर पर थीं। मनीष बाहर गए थे। इसी बीच दोनों में कहासुनी होने लगी। इंस्पेक्टर का कहना है कि छानबीन में सामने आया है कि वंदना को जल्दी गुस्सा आ जाता था। झगड़े के दौरान गुस्से में वंदना ने खुद को चाकू मार लिया। इसके बाद घर से बाहर निकलकर उन्होंने गुहार लगाई। आसपास के लोग पहुंचे तो वह लहूलुहान पड़ी थीं। पास में ही चाकू पड़ा था। मामले में अभी तक किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# न्यायिक जांच रिपोर्ट में भोले बाबा को क्लीन चिट, 121 लोगों की हुई थी मौत

लखनऊ,(संवाददाता)। हाथरस कांड की न्यायिक जांच की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है। बजट पेश होने से पहले बृहस्पतिवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में रिपोर्ट पेश की गई, जिसे सदन के पटल पर रखने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। फिलहाल राज्य सरकार ने रिपोर्ट के तथ्यों का सार्वजनिक नहीं किया है। हालांकि सूत्रों की मानें तो रिपोर्ट में भोले बाबा को आरोपी नहीं ठहराया गया है, जिससे उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस की जांच को सही पाया है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कई अहम सुझाव भी दिए हैं। आयोग को हादसे के पीछे साजिश होने के प्रमाण मिले हैं कि नहीं, अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। बता दें कि हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र के फुलराई गांव में 2 जुलाई 2024 को भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। हादसे की जांच के लिए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। आयोग में सेवानिवृत्त आईपीएस भवेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त आईएएस हेमंत राव को सदस्य बनाया गया था। आयोग ने सभी मृतकों के पीड़ित परिजनों, घायलों, प्रत्यक्षदर्शियों के साथ भोले बाबा का भी बयान दर्ज किया था। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने घटना के लिए आयोजकों को दोषी करार देते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। वहीं आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में राज्य सरकार को सौंप दी थी, जिसे बृहस्पतिवार को कैबिनेट में रखा गया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।